## सार समाचार

### मसूद अज़हर पर चीन ने नहीं बदला अपना रूख

**बीजिंग, भाषा।** चीन ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक आतंकवादियों की सूची में पाकिस्तानी दहशतगर्द जैश-ए-मौहम्मद प्रमुख मसूद अज़हर को शामिल करने के भारत के अनुरोध पर उसके रूख में कोई बदलाव नहीं आया है। चीन ने कहा कि वह 'मामले के गुण दोष' के आधार पर मुद्दे पर निर्णय करेगा। नयी दिल्ली में हुई भारत चीन के बीच द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर पहली उच्च स्तरीय बैठक में सोमवार को भारत ने चीन से संयुक्त राष्ट्र में अज़हर को वैश्विक आतंकी के तौर पर नामित करने के लिए लंबित पड़े अनुरोध का समर्थन करने को कहा था। इस बैठक की सह अध्यक्षता गृह मंत्री राजनाथ सिंह और चीन के स्टेट काउंसलर और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री झाओ केझी ने की। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन स्थायी सदस्य है और इसके पास वीटो की ताकत है। चीन ने बार-बार संयुक्त राष्ट्र में अज़हर को वैश्विक आतंकी की सूची में शामिल करने की भारत की कोशिश को बाधित किया है। भारत के अनुरोध के बारे में चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनइंग से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें दोनों मंत्रियों के बीच बातचीत के ब्यौरे को देखना है। उन्होंने कहा, '' मसूद (अज़हर) को सूची में शामिल करने के भारत के अनुरोध का संबंध है, हम पहले ही कई बार अपना रूख बता चुके हैं।''

### अमेरिका-रूस विवाद को खत्म करें: संरा

**संयुक्त राष्ट्र, वार्ता।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका और रूस के बीच इंटरमीडिएट-रेंज न्यूक्लियर फोर्स (आईएनएफ) संधि को लेकर हाल ही में उभरे विवादों को खत्म करने के लिए दोनों देशों के बीच वार्ता होने की उम्मीद जताई है। रूस की समाचार एजेंसी तास के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता फरहान हक ने कहा, 'महासचिव आईएनएफ संधि पर अमेरिका की टिप्पणी से वाकिफ हैं और उन्हें अब भी उम्मीद है कि दोनों देश इस विवाद का समाधान निकालने में सक्षम हैं।'

विश्व समाचार / कूटनीति

# कई दिन से खशोगी को मारने की साजिश थी

**अंकारा** ■ एपी

तुर्की के राष्ट्रपति ने मंगलवार को कहा कि सऊदी अरब के अधिकारियों ने कई दिन की योजना के बाद इस्तांबुल वाणिज्य दूतावास में पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या कर दी। हालांकि सऊदी अरब ने इसके विपरीत यह सफाई दी थी कि पत्रकार की मृत्यु दुर्घटनावश हो गयी। तुर्की के राष्ट्रपति ने मांग की कि सऊदी अरब को इसमें शामिल सभी लोगों की पहचान बतानी चाहिए, चाहे वे किसी भी पद पर हों।

तुर्की के राष्ट्रपति रज्जब तैयब एर्दोआन ने कहा कि वह चाहते हैं कि सऊदी अरब खशोगी की हत्या के मामले में हिरासत में लिये गये 18 संदिग्धों पर तुर्की की अदालतों में मुकदमा चलने की इजाजत दे। इससे तुर्की और सऊदी अरब की सरकार के बीच तनाव गहराता दिख रहा है। सऊदी सरकार ने कहा कि वह अपनी खुद की जांच कर रही है और इसमें शामिल लोगों को दंडित करेगी। एर्दोआन ने संसद में



सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों को दिये भाषण में कहा, ''इस तरह की घटना के लिए मुट्ठीभर सुरक्षाकर्मियों और खुफिया अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराने से हमें या अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तसल्ली नहीं मिलेगी।''

उन्होंने कहा, ''सऊदी अरब ने हत्या की बात कबूल करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। फिलहाल हम उम्मीद करते हैं कि वे जिम्मेदार लोगों को खुलकर सामने लाएं, चाहे कोई ऊंचे से ऊंचे पद पर हो या निचले पद पर। उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाए।'' पहले उम्मीद जताई जा रही थी कि एर्दोआन के भाषण में खशोगी की हत्या के बारे में सच का खुलासा किया जाएगा। लेकिन इसमें महज जानकारी का एकमात्र सूत्र बताया गया है जो पहले ही अधिकारियों ने दे दी है और तुर्की के मीडिया में प्रसारित हो चुकी है।

हालांकि तुर्की के राष्ट्रपति ने सऊदी अरब पर इस बात के लिए दबाव बनाये रखा कि संदिग्धों पर तुर्की में मुकदमा चले और साजिशकर्ताओं को दंडित किया जाए। उन्होंने कहा, ''सारे सबूत दर्शाते हैं कि जमाल खशोगी एक वीभत्स हत्या का शिकार हुए। इस तरह की जघन्य घटना को छिपाने का प्रयास मानवीय अंतरात्मा को आहत करेगा।'' एर्दोआन ने अपने भाषण में सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान का जिक्र नहीं किया। हालांकि शाही परिवार से जुड़े अधिकारियों के नाम इस हत्याकांड में सामने आ रहे हैं। शुरुआत में खशोगी के बारे में कुछ नहीं पता होने की बात कहने के बाद सऊदी अरब ने शनिवार को एक नई कहानी पेश की कि उनकी मौत झगड़े में हुई। मंगलवार को दोपहर के वक्त एर्दोआन ने सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों से वादा किया कि मामले की पूरी सच्चाई सामने लाई जाएगी।

### जांच से सामने आएगा खशोगी मामले का सच :सऊदी अरब

**जकार्ता, एपी।** सऊदी अरब के विदेश मंत्री ने कहा कि पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के मामले की जांच से यह सच सामने आएगा कि पूरी घटना क्या थी। उन्होंने यह संकल्प भी जताया कि ऐसा तंत्र बनाया जाएगा ताकि, "इस तरह की घटना फिर कभी न हो।" मंगलवार को तुर्की के राष्ट्रपति अपने देश की जांच में सामने आए तथ्यों को संभवतः सामने रखने वाले थे जिससे कुछ ही देर पहले अदेल अल जुबेर ने इंडोनेशिया में यह बात कही। अल जुबेर ने कहा कि सऊदी अरब यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, "कि जांच गहराई से हो, पूरी हो, सच सामने आए तथा जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाए।" सऊदी अरब ने स्वीकार किया था कि खशोगी की दो अक्टूबर को इस्तांबुल में स्थित उसके वाणिज्य दूतावास के दौरे में, मौत हो गई थी। सऊदी अरब ने कहा था कि उनकी मौत झगड़े में हुई थी। वहीं तुर्की के अधिकारियों का कहना है कि सऊदी अरब की एक टीम ने 59 वर्षीय खशोगी पर हमला कर उनको मार डाला।

### अमेरिका में प्रवासियों का आना राष्ट्रीय आपातकाल: ट्रंप

**वाशिंगटन, वार्ता।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने सेना एवं संघीय सीमा प्रशासन को सचेत किया है कि मध्य अमेरिका से आ रहा प्रवासियों का काफिला एक 'राष्ट्रीय आपातकाल' है । श्री ट्रंप ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि प्रवासियों की इस भीड़ में कई अपराधी और अन्य लोग भी हैं और प्रवासन सुधार की दिशा में कोई भी काम नहीं करने के लिए विपक्षी दल डेमोक्रेट दोषी हैं। उन्होंने यह चेतावनी दी है कि अमेरिका प्रवासियों को शरण देने और सहायता कार्यों में कटौती करेगा। उन्होंने ट्वीट किया,ऱ्हर बार जब आप एक प्रवासियों का काफिला देखते हैं, या अवैध रूप से आने वाले लोग आते हैं, या हमारे देश में अवैध रूप से आने का प्रयास करते हैं, तो डेमोक्रेट सांसदों के बारे में सोचें और उन्हें दोष दें क्योंकि वह हमारे दयनीय प्रवासी कानूनों को बदलने के लिए समर्थन नहीं दे रहे हैं।

## बोल्टन ने रूसी विदेशमंत्री से मुलाकात की

**मास्को** ■ एपी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने मंगलवार को रूसी विदेशमंत्री सर्जेइ शोइगु से मुलाकात की और यह मुलाकात सद्भावनापूर्ण रही। सोमवार को बोल्टन के रूस पहुंचने से 48 घंटे से भी कम समय पहले ट्रंप रूस के साथ एक प्रमुख परमाणु हथियार संधि तोड़ने की धमकी दे चुके थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस पर मध्यम दूरी के परमाणु बल संधि (आईएनएफ) का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी थी कि अगर रूस और चीन मध्यम दूरी के परमाणु हथियार नहीं रखने पर सहमति नहीं जताते हैं तो अमेरिका ऐसे हथियारों का विकास करना शुरू करेगा। उल्लेखनीय है कि 1987 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन और सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाचेव ने एक संधि पर दस्तखत किया था जिसमें 500 किलोमीटर से 5500 किलोमीटर की दूरी तक मारक क्षमता वाली जमीन से मार करने वाली परमाणु क्रुज एवं बैलिस्टिक मिसाइलों के उत्पादन या परीक्षण उड़ान पर रोक थी।

शोइगु ने बोल्टन की दो दिन की रूस यात्रा की मंगलवार को सराहना की और कहा कि ''छोटे छोट कदम भी हमारे रिश्तों के लिए फायदेमंद होंगे'' और दो देशों के बीच ''विश्वास बहाल करने में मदद'' करेंगे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पत्रकारों से कहा कि अभी आईएनएफ संधि की जगह लेने के लिए ''किसी नए समझौते की कोई संभावना नहीं है।''

## इराक में विस्फोट में सात मरे

**बगदाद, वार्ता।** इराक के उत्तरी प्रांत निनेवेह की राजधानी मोसुल में कार बम विस्फोट में सात लोगों की मौत हो गयी है और 40 घायल हो गये हैं। इराकी सेना के कर्नल रयाद अल-जुबौरी ने मंगलवार को शिन्हुआ को बताया कि बम विस्फोट मोसुल से 50 किलोमीटर दूर दक्षिण में काय्यारा में एक बाजार में हुआ। सुरक्षा और मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार विस्फोट में दो सैनिकों सहित सात लोगों की मौत हो गयी और 40 अन्य घायल हो गये। इस विस्फोट की अभी तक किसी समूह ने नहीं जिम्मेदारी नहीं ली है। कुख्यात आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट इस तरह के हमलों के लिए जिम्मेदार माना जाता है। देश को 2017 के आखिर में इराकी सुरक्षा बलों के आईएस से मुक्त करा लेने के बाद राजधानी बगदाद सहित अनेक शहरों में सुरक्षा की स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

## भारत और चेक गणराज्य ने किया वैश्विक संरक्षणवाद का विरोध

**नई दिल्ली** ■ वार्ता

भारत और चेक गणराज्य ने वैश्विक व्यापार में संरक्षणवादी कदमों का विरोध करते हुए कहा है कि इस संबंध में सकारात्मक रुख अपना कर बहुस्तरीय तथा अंतर क्षेत्रीय व्यापार प्रणाली को प्रोत्साहित करना चाहिये। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि भारत और चेक गणराज्य के 'भारत- चेक गणराज्य आर्थिक सहयोग संयुक्त आयोग' की बैठक 22 और 23 अक्टूबर को प्राग में आयोजित की गयी।

इस बैठक में दोनों देशों ने विश्व व्यापार में कुछ देशों द्वारा संरक्षणवादी कदम उठाने का विरोध किया गया और कहा गया कि इनसे वैश्विक व्यापार व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसलिये बेहतर भविष्य के लिये सकारात्मक रुख अपनाने की जरुरत है। पूरी व्यापार प्रणाली बहुस्तरीय होनी चाहिए। इसके अलावा अंतर क्षेत्रीय व्यापार व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिए। भारतीय पक्ष का नेतृत्व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सी आर चौधरी और चेक गणराज्य पक्ष का नेतृत्व मार्ता नोवाकोवा ने किया। बैठक में दोनों पक्षों ने आर्थिक क्षेत्र के संबंधों को और बढ़ाने तथा इन्हें सुदृढ़ करने की मंशा जाहिर की।

बैठक के दौरान श्री चौधरी ने कहा कि भारत की विकास गाथा तथा चेक गणराज्य की तकनीक विशेषज्ञता दोनों देशों को स्वाभाविक भागीदार बना सकती है। दोनों देशों की अर्थव्यवस्थायें एक दूसरे की पूरक हो सकती हैं और दोनों एक दूसरे से लाभ उठा सकती हैं। केंद्रीय मंत्री ने चेक गणराज्य के विदेश उपमंत्री मार्तिन तलापा से भी मुलाकात की और दोनों देशों के बीच सीधी विमान सेवा, दीर्घकालीन अध्ययन वीजा और परस्पर व्यापार एवं निवेश संबंध समेत कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। आयोग की बैठक में चेक गणराज्य ने कहा कि भारत के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम में चेक कंपनियां भागीदारी की इच्छुक हैं और इसके लिये भागीदार तलाश रही हैं। दोनों पक्षों ने बेंगलुरु में चेक वाणिज्य दूतावास खुलने का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि चेन्नई में भी जल्दी चेक वाणिज्य दूतावास शुरू हो जाएगा। दोनों पक्षों ने दोनों देशों में पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक संभावनाओं पर सहमति व्यक्त की और कहा कि समूह पर्यटन की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

कारपोरेट हलचल/ कंपनियां/ बैंक


# सेंसेक्स 287 अंक लुढ़का

**मुंबई** ■ वार्ता

अधिकतर विदेशी बाजारों के धराशायी होने की खबरों के बीच टेक, आईटी और स्वास्थ्य समूहों में हुई बिकवाली से बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 287.15 अंक की गिरावट के साथ 33,847.23 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 98.45 अंक लुढ़ककर 10,146.80 अंक पर बंद हुआ।

सऊदी अरब के पत्रकार जमाल खशोगी के तुर्की स्थित सऊदी दूतावास में हुई हत्या को लेकर वैश्विक बाजार में निवेशक सतर्कता का रुख बरत रहे हैं। इसके अलावा इटली की वित्तीय स्थिति और अमेरिका-चीन तनाव भी निवेश धारणा के विपरीत रहा।

विदेशी बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच सेंसेक्स भी गिरावट के साथ 33,935.88 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 34,073.92 अंक के दिवस के उच्चतम



और 33,742.75 अंक के दिवस के निचले स्तर से होता हुआ गत दिवस की तुलना में 0.84 प्रतिशत की गिरावट में 33,847.23 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 12 कंपनियां हरे निशान में रहीं जबकि 18 के शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी।

निफ्टी का ग्राफ भी सेंसेक्स की तरह रहा। यह गिरावट में 10,152.60 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 10,222.10 अंक के दिवस के उच्चतम और 10,102.35 अंक के दिवस के निचले स्तर से होता हुआ गत दिवस की तुलना में 096 प्रतिशत की गिरावट में 10,146.80 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 28 कंपनियां गिरावट में और 22 तेजी में रहीं।

छोटी और मंझोली कंपनियों में भी बिकवाली का जोर रहा। बीएसई का मिडकैप 0.89 प्रतिशत यानी 124.40 अंक की गिरावट में 13,834.50 अंक पर और स्मॉलकैप 1.21 प्रतिशत यानी 167.71 अंक की गिरावट में 13,637.17 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई में कुल 2,725 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 137 कंपनियों के शेयरों के भाव उतार-चढाव के बंद हुये जबकि 798 में तेजी और 1,790 में गिरावट रही।

## रुपया 10 पैसे टूटा

**मुंबई, वार्ता।** दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार के धराशायी होने के दबाव में अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में भारतीय मुद्रा लगातार दूसरे दिन की गिरावट में मंगलवार को 10 पैसे लुढ़ककर 73.57 रुपये प्रति डॉलर पर आ गयी। भारतीय मुद्रा बीते कारोबारी दिवस 15 पैसे की गिरावट में 73.47 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। घरेलू शेयर बाजार के गिरावट में खुलने से रुपया भी 27 पैसे की गिरावट के साथ 73.74 रुपये प्रति डॉलर पर खुला । डॉलर की मजबूती और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की पूंजी बाजार 17.08 करोड़ रुपये की निकासी से शुरूआती पहर में ही यह 73.82 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रही गिरावट से समर्थन पाकर यह कारोबार के दौरान 73.52 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के उच्चतम स्तर तक पहुंचा।

### बिजनेस सुर्खियां

### रिलायंस डिजिटल स्टोर पर बिकेगा वन प्लस

**मुम्बई, वार्ता।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक चेन रिलायंस डिजिटल स्टोर में अब ग्राहक वन प्लस स्मार्टफोन भी खरीद पायेंगे। वनप्लस 6टी के लांच होते ही रिलायंस डिजिटल स्टोर में कंपनी के स्मार्टफोन बिकने लगेंगे।

रिलायंस डिजिटल द्वारा आज जारी विज्ञप्ति के मुताबिक उसने इस बाबत वनप्लस के साथ समझौता किया है। इस समझौते के तहत ग्राहक वनप्लस स्मार्टफोन को ऑनलाइन की कीमतों पर स्टोर में खरीद पायेंगे। इसके अलावा ग्राहकों को स्टोर द्वारा चलाये जाने वाले प्रमोशनल कैंपेन का लाभ भी मिलेगा।

रिलायंस डिजिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रायन बेड ने इस मौके पर कहा,'' वनप्लस के साथ साझेदारी की घोषणा करते हुये खुशी हो रही है। हमारे पोर्टफोलियो में वनप्लस 6टी की उपस्थिति उपभोक्ताओं को वर्ल्ड क्लास रिटेल अनुभव देने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराती है। "

### सोना 130 रुपये महंगा, चांदी 250 रुपये चमकी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में रही तेजी और स्थानीय खुदरा जेवराती मांग आने से मंगलवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 130 रुपये की छलांग लगाकर 32,350 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इस दौरान औद्योगिक ग्राहकी आने से चांदी भी 250 रुपये चमककर 39,750 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन का सोना हाजिर 12.05 डॉलर की तेजी में 1233.60 डॉलर प्रति औंस बोला गया। दिसंबर का अमेरिका सोना वायदा भी 12.60 डॉलर की बढ़त के साथ 1237.20 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। इसी तरह वैश्विक बाजार में चांदी में भी तेजी रही और यह 0.19 डॉलर उछलकर 14.72 डॉलर प्रति औंस बोली गयी। बाजार विश्लेषकों के मुताबिक दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर के टूटने से निवेशकों का रुझान पीली धातु में बढ़ा है।

### फिर भारत में दौड़ेगी हुंदै की सैंट्रो कार

**नई दिल्ली, भाषा।** दक्षिण कोरिया की वाहन कंपनी हुंदै की लोकप्रिय हैचबैक कार सैंट्रो की भारतीय बाजार में वापसी हो गई है। नए अवतार में भारतीय बाजार में दोबारा उतारी गई सैंट्रो की शोरूम में कीमत 3.89 लाख रुपये से 5.64 लाख रुपये है। कंपनी भारतीय बाजार में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी हुंदै मोटर इंडिया लि. (एचएमआईएल) के जरिये परिचालन करती है। कंपनी ने पुराने सैंट्रो मॉडल को दिसंबर, 2014 में बंद कर दिया था। नई कार में चार सिलेंडर का 1.1 लीटर का पेट्रोल इंजन लगा है। यह कार आटोमेटेड मैनुअल ट्रांसमिशन (एएमटी) और फैक्टरी फिटेड सीएनजी विकल्प के साथ पेश की गई है। कार के मैनुअल संस्करण की कीमत 3.89 लाख से 5.45 लाख रुपये होगी। दो सीएनजी ट्रिम्स का दाम 5.23 लाख रुपये से 5.64 लाख रुपये होगा। वहीं आटोमेटेड गियर शिफ्ट के दो संस्करणों का दाम 5.18 लाख रुपये और 5.46 लाख रुपये होगा। पुरानी सैंट्रो की कीमत 3.09 लाख से 4.15 लाख रुपये थी। नई शुरुआती कीमत पहले 50,000 ग्राहकों के लिए होगी। कंपनी को पहले ही 13 दिन में 23,500 इकाइयों की बुकिंग मिल गई है। एचएमआईएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी वाई के कू ने कहा कि नई सैंट्रो हुंदै के इन इंडिया सिद्धान्त का सही उदाहरण है। कू ने कहा कि दक्षिण कोरिया के नान्यांग, चेन्नई और हैदराबाद के हमारे शोध एवं विकास केंद्रों ने उत्पाद को बेहतरीन बनाने के लिए काफी प्रयास किए हैं। कू ने बताया कि पिछले तीन साल में हुंदै ने नई सैंट्रो के विकास पर 10 करोड़ डॉलर या 700 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च किया है।

उपलब्धि

# अब तक 326 उत्पादों को मिली भौगोलिक पहचान

**किसी उत्पाद की भौगोलिक पहचान, उसकी गुणवत्ता, विशिष्टता और उसकी उत्पत्ति की विशिष्ट जगह की पहचान कराती है।**

**नई दिल्ली** ■ भाषा

अगर कोई आपसे पूछे कि कांचीपुरम की रेशमी साड़ी, अल्फांसो आम, नागपुर की नारंगी और कोल्हापुरी चप्पल में क्या समानता है तो जवाब देना थोड़ा मुश्किल को सकता है। लेकिन यह सभी उत्पाद उन 326 भारतीय उत्पादों में से हैं जिन्हें उनकी भौगोलिक पहचान मिल चुकी है।

सरकार की ओर से यह भौगोलिक पहचान संकेतक बौद्धिक संपदा अधिकार संवर्द्धन एवं प्रबंधन प्रकोष्ठ (सीपम) देता है। सीपम औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग (डीआईपीपी) के अंतर्गत आता है। प्रकोष्ठ ने एक ट्वीट में बताया, '' भौगोलिक पहचान पंजीयक ने एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। विभिन्न श्रेणियों में अब तक कुल 326 उत्पादों को उनकी भौगोलिक पहचान से जोड़ा जा चुका है। इसमें 14 विदेशी भौगोलिक संकेतक रखने वाले उत्पाद शामिल हैं।''

किसी उत्पाद की भौगोलिक पहचान, उसकी गुणवत्ता, विशिष्टता और उसकी उत्पत्ति की विशिष्ट जगह की पहचान कराती है। जिस उत्पाद को यह संकेतक मिलता है, तो कोई और कंपनी या व्यक्ति उस नाम से दूसरे किसी उत्पाद को नहीं बेच सकता है। यह संकेतक 10 साल की अवधि के लिए होता है जिसका बाद में नवीनीकरण कराया जा सकता है। साथ ही इससे किसी उत्पाद को उसकी विशिष्टता बनाए रखने के लिए कानूनी संरक्षण भी मिलता है।

इन उत्पादों में बासमती चावल, दार्जिलिंग चाय, चंदेरी कपड़ा, मैसुरू रेशम, कुल्लू की शॉल, कांगड़ा चाय, तंजौर की चित्रकला, इलाहाबादी सुरखा (अमरूद की किस्म), फरुखाबादी छापा, लखनवी जरदोजी और कश्मीरी अखरोट की लकड़ी पर नक्काशी शामिल हैं।

## होंडा मोटरसाइकिल का एनएसडीसी से करार

**नई दिल्ली, वार्ता।** दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की दूसरी बड़ी कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने पूरे देश में 10 ऑटोमोटिव प्रयोगशालायें स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ करार किया है। कंपनी ने मंगलवार को यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि इस करार के तहत देश के पूर्वी राज्यों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कौशल विकास के उद्देश्य से एनएसडीसी के साथ मिलकर 10 लर्निंग सेंटर को सहयोग प्रदान किया जायेगा। होंडा कोलकाता, गुवाहाटी, रांची, पटना, जयपुर, जोधपुर, विजयवाड़ा, देहरादून, वाराणसी और कटक में स्थापित इन प्रयोगशालाओं में उपकरण मुहैया कराएगी। होंडा छात्रों के लिए ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करेगी, जिसके माध्यम से छात्रों को वाहनों की रखरखाव और मरम्मत के लिए विशेष कौशल प्रदान किया जाएगा। ये आधुनिक लैब छात्रों को उद्योग जगत के आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें नौकरियों के लिए तैयार करेंगे। इस क़रार से अगले साल तक कम से कम 1,200 छात्रों के लाभान्वित होने की उम्मीद है।

## फ्रीचार्ज पर अब खरीद सकते हैं ई-गिफ्टिंग उत्पाद

**नई दिल्ली।** डिजिटल वॉलेट फ्रीचार्ज ने त्योहारी सीजन को देखते हुये ई-गिफ्टिंग उत्पाद लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी द्वारा आज जारी विज्ञप्ति के मुताबिक उपभोक्ता अब फ्रीचार्ज पर फैशन, मनोरंजन, शॉपिंग और डाइनिंग जैसी विभिन्न श्रेणियों में 60 से अधिक ब्रांड्स के गिफ्ट कार्ड खरीदकर ईमेल के जरिये इसे किसी को भी भेज सकते हैं। कंपनी का कहना है कि त योहारों के दौरान पारंपरिक उपहार तो हमेशा से ही प्रचलन में रहे हैं लेकिन डिजिटल क्रांति के विस तार और भारतीय ग्राहकों द्वारा तेजी से नई तकनीक को अपनाने से डिजिटल गिफ्टिंग का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है। अब ग्राहक फ्रीचार्ज पर कार्ड तैयार करने के लिए ब्रांड और थीम को चुन सकते हैं तथा खास संदेश दे सकते हैं। इसके बाद वे इसे प्राप तकर्ता के ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं। इस कार्ड में ब्रांड से जुड़ा एक यूनिक कोड होता है। प्राप तकर्ता ब्रांड के पोर्टल से खरीद के समय इस कोड को रिडीम कर सकता है। एंड्रॉइड और आईओएस दोनों ही ऑपरेटिंग सिस्टम पर उपलब्ध, यह सर्विस ग्राहकों को उनकी पसंद के अनुसार उपहार कार्ड का मूल्य तय करने और उसमें बदलाव लाने की सुविधा प्रदान करती है। फ्रीचार्ज उपभोक्ता जन मदिन जैसे किसी भी खास अवसर पर अपने प्रियजनों को कभी भी और कहीं भी सिर्फ एक क्लिक पर एक खास थीम वाले गिफ्ट कार्ड भेज सकते हैं।

**लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**

(**सीआईएन** : एल24117आरजे1979पीएलसी002099)

**पंजी. कार्यालय** : एसपी-460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर-301030 (राजस्थान)

**कार्पोरेट कार्यालय** : ए-264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024

**फोन** : +91-11-46865999, 41627937, **फैक्स** : +91-11-46865930

**वेबसाइट** : www.lordschloro.com; **ई-मेल** : contact@lordschloro.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक **ब्रहस्पतिवार, 1 नवम्बर, 2018 को अप. 5:30 बजे** इसके कार्पोरेट कार्यालय ए-264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024 में, अन्य के साथ, 30 सितम्बर, 2018 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्ध वार्षिक हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन तथा प्रकाशन हेतु आयोजित की जाएगी।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामत: www.lordschloro.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट नामत: www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड
हस्ता./-
दीपेन्द्र चौधरी
कम्पनी सेक्रेटरी

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 23 अक्टूबर, 2018